# झारखण्ड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड

CIN U40108 JH2013 SGC 001603
निगम कार्यालय :अभियंत्रण भवन, एच०ई०सी०, धुर्वा, राँची–4
(कार्मिक विभाग)

## चतुर्थ वर्ग से तृतीय वर्ग में आन्तरिक नियुक्ति हेतु विज्ञापन

नियोजन अधिसूचना संख्या 05/2016

संचिका संख्या – Apptt. Cell/ Re-Apptt./ 11006/2015

GMIR-APDRP Cell No. 9721 Dt. 22/12/16 JUVNL H.Q. Ranchi

निगम के ITEM NO. 25-07-03 दिनांक 08.09.2016 के अनुशरण में झारखण्ड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड एवं उनके अनुषंगी कम्पनियों में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को तृतीय श्रेणी के निम्नलिखित रिक्त आन्तरिक कोटे के पदों पर आन्तरिक नियुक्ति हेतु निगम के विभिन्न प्रतिष्ठानों/ कार्यालयों में कार्यरत अहर्त्ता प्राप्त कर्मियों से विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

| क्र० | पद का नाम वेतन/ ग्रेड पे० | शैक्षणिक योग्यता | कुल रिक्तियाँ | सामान्य | अनु० जनजाति | पिछड़ा वर्ग–I | पिछड़ा वर्ग–II | अनु० जाति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | कनीय लेखा लिपिक/ विपत्र लिपिक | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक विज्ञान (गणित)/ कला (गणित)/ वाणिज्य<br>Proficiency in Accounting packages is desirable. | 97 | 49 | 25 | 7 | 6 | 10 |
| B | भंडार सहायक | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक विज्ञान (गणित)/ कला (गणित)/ वाणिज्य<br>Proficiency in Accounting packages is desirable. | 15 | 8 | 4 | 1 | 1 | 1 |
| C | *पत्राचार लिपिक | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक विज्ञान/ वाणिज्य/ कला<br>Proficiency in Office packages is desirable. | 54 | 27 | 14 | 5 | 3 | 5 |
| D | निम्न वर्गीय सहायक | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक विज्ञान/ वाणिज्य/ कला<br>Proficiency in Office packages is desirable. | 4 | 2 | 1 | 1 | ...... | ...... |
| E | विधि पर्यवेक्षक–II | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान एवं समकक्ष से विधि स्नातक<br>Candidates must have Proficiency in Office packages. | 4 | 2 | 1 | 1 | ...... | ...... |

***निदेशक मंडल के Item No. 26-04-09 दिनांक 03.11.2016 में लिए गए निर्णय के आलोक में पत्राचार लिपिक का पद समर्पण कर कार्यालय सहायक के रुप में पद परिवर्तन किया गया है।**

1. आवेदकों की उम्र सीमा दिनांक 01.10.2016 को न्युनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 50 वर्ष होनी चाहिये एवं उनकी बोर्ड में कम से कम विगत दो वर्षों की सेवा संतोषप्रद रही हो।
2. आरक्षित पद के उम्मीदवार अपना जाति प्रमाण पत्र जो सक्षम पदाधिकारी (उपायुक्त/ अनुमण्डल पदाधिकारी) द्वारा निर्गत किया गया हो आवेदन के साथ संलग्न करें, तथा सेवापुस्ति की प्रविष्टि में दर्ज जाति की सत्यापित प्रति संलग्न करें अन्यथा उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. आवेदन पत्र के साथ हाल का खींचा हुआ रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो जो नियंत्री पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित हो संलग्न करना होगा।
4. शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र अभिप्रमाणित प्रति जो स्वअभिप्रमाणित हो एवं नियंत्री पदाधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित हो, आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।
5. आवेदन पत्र पदस्थापन कार्यालय के माध्यम से, क्षेत्रीय/अंचलीय/प्रमण्डल कार्यालयों द्वारा उचित माध्यम से अग्रसारित किया जायेगा।
6. आवेदन पत्र की जमा करने की अंतिम तिथि 16.01.2017 तक निर्धारित है। निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
7. आवेदक को परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
8. उचित माध्यम द्वारा आवेदन पत्र उप महाप्रबन्धक (कार्मिक), झारखण्ड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, राँची को सम्बोधित एवं प्रेषित होगी तथा विशेष दूत के माध्यम से भेजे गये आवेदन पत्र भी स्वीकार्य होंगे।

कृपया पृष्ठ उलटें

9. (i) ऊपर वर्णित क्रम संख्या A एवं B पदों के विरुद्ध चयनित उम्मीदवारों को औपचारिक नियुक्ति offer निर्गत होने के पूर्व ही "Computer literacy test on office package & Accounting package में सफल होना अनिवार्य होगा।

(ii) ऊपर वर्णित क्रम संख्या C एवं D पदों के विरुद्ध चयनित उम्मीदवारों को औपचारिक नियुक्ति offer निर्गत होने के पूर्व ही "Computer literacy test on office package में सफल होना अनिवार्य होगा।

10. समान अर्हता वाले पद हेतु एक ही आवेदन मान्य होगा।

ह0/—
(गोविन्द यादव)
उप महाप्रबन्धक (कार्मिक)

ज्ञापांक ......................./ निगम मुख्यालय, राँची दिनांक ............/............/................./

प्रतिलिपिः अध्यक्ष—सह—प्रबन्ध निदेशक के तकनीकी सचिव/ प्रबन्ध निदेशक, झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के तकनीकी सचिव/ प्रबंध निदेशक, झारखण्ड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के तकनीकी सचिव/ प्रबन्ध निदेशक, झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के निजी सहायक/ निदेशक (वित्त), झारखण्ड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड/निदेशक (वित्त), झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड/ निदेशक (ओ0 एण्ड एम0), झारखण्ड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड/ निदेशक (प्रोजेक्ट), झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड/ अपर पुलिस महानिरीक्षक (निगरानी एवं सुरक्षा) के निजी सहायक/ महाप्रबन्धक (कार्मिक सह सामान्य प्रशासन)/ कम्पनी सचिव, झारखण्ड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, रांची/ उप महाप्रबन्धक (जनसम्पर्क), झारखण्ड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/—
(गोविन्द यादव)
उप महाप्रबन्धक (कार्मिक)

ज्ञापांक ......1800..../ निगम मुख्यालय, राँची दिनांक 22/12/2016/

प्रतिलिपिः सहायक अभियन्ता (IT), झारखण्ड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. उनसे अनुरोध है कि झारखण्ड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के वेबसाईट पर उपर्युक्त सूचना को अपलोड करने की कृपा करेंगे।

Yadav
22/12/16
(गोविन्द यादव)
उप महाप्रबन्धक (कार्मिक)